हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, मंगलवार 20 मई 2025

11 ऑपरेशन सिंदूर : सेनाओं के सम्मान में लोग नतमस्तक



12 हाईकोर्ट के 7 साल पुराने आदेश की पालना करे हशविप्रा





## खबर संक्षेप

### वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज

**कुंड।** पुलिस चौकी के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने जैसलमेर नेशनल हाइवे पर गलत लेन में वाहन चला रहे एक चालक को काबू किया है। पुलिस के अनुसार राजस्थान के काठूवास निवासी पवन अपनी गाड़ी को नारनौल की ओर से गलत लेन में ला रहा था। इससे सड़क पर हादसे की आशंका बनी हुई थी। यातायात भी इससे बाधित हो रहा था। पुलिस ने उसे रुकवाकर गाड़ी को इंपाउंड करते हुए पवन को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया। पुलिस की चेकिंग के दौरान कई अन्य वाहन भी पकड़े गए हैं।

### मालिक की स्कूटी लेकर हुए फरार

**रेवाड़ी।** मोहल्ला बास सिताबराय में एक दुकान पर काम करने वाले दो युवक मालिक की स्कूटी लेकर फरार हो गए। पुलिस शिकायत में धीरज शर्मा ने बताया कि उसकी बास सिताबराय में दुकान पर है। दुकान पर काम करने के लिए उसने शिवम व सोमेश को रखा हुआ था। शाम के समय दोनों उसकी स्कूटी लेकर फरार हो गए। उसने दोनों से संपर्क करने का प्रयास किया, परंतु संपर्क नहीं हो सका। सिटी पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद दोनों आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### ट्रैफिक नियम तोड़ने पर चालक गिरफ्तार

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने कुंड बैरियर के पास तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए नियमों की पालना नहीं करने पर एक ट्रॉला चालक को काबू किया है। पुलिस के अनुसार एक ट्रॉला चालक नारनौल की ओर से गलत लेन में तेज रफ्तार से ट्रॉला चलाकर बैरियर की ओर आ रहा था। इससे सड़क हादसे की आशंका बनी हुई थी। ट्रॉला रुकवाने के बाद पुलिस ने चालक यूपी को औछा निवासी सतेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। ट्रॉला कब्जे में लेने के बाद उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया।

### मारपीट व धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**जाटूसाना।** गत वर्ष बालधन खुर्द में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मारपीट में घयाल व्यक्ति ने पुलिस बयान में गांव के कविंद्र पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने उसके बयान पर गत वर्ष 17 मई को केस दर्ज किया था। इसके बाद से ही आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर चल रहा था। पुलिस ने कविंद्र को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### तेल लेकर बिना पैसे दिए फरार हुआ आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** गत 8 जनवरी को गोठड़ा के पास एक पेट्रोल पंप पर गाड़ी की टंकी फुल करार फरार हुए दो आरोपियों में से एक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद भोंडसी जेल भेजने के आदेश दिए गए। पुलिस शिकायत में पेट्रोल पंप के सेल्समैन गोठड़ा टप्पा खोरी निवासी योगेंद्र ने बताया था कि पंप पर एक सफेद रंग की कार आई थी, जिसमें दो युवक सवार थे। दोनों ने उसे पेट्रोल की टंकी फुल करने के कहा। गाड़ी में 4500 रुपये का पेट्रोल डाल दिया था। जब वह पाइप मशीन पर रखने लगा, तो दोनों युवक बिना पैसे दिए कार लेकर फरार हो गए। उसने पंप मालिक को घटना की जानकारी दी। कार पर अंतिम चार नंबर टेप लगाकर ढके हुए थे। थाना खोल पुलिस ने सेल्समैन की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में सूंदरोज निवासी आकाश को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश करने पर जमानत नहीं मिलने की सूरत में उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### नांगल पठानी रेलवे स्टेशन पर व्यक्ति की मौत

**कोसली।** नांगल पठानी रेलवे स्टेशन के पास एक व्यक्ति की रविवार को हिसार से जयपुर जाने वाली गाड़ी संख्या 14715 से गिरकर मौत हो गई। चरखी दादरी जीआरपी चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार ने बताया कि पहचान के लिए मृतक के शव को 72 घंटे के लिए रेवाड़ी अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है।

# बोर्ड की परीक्षा में टॉप करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

## ■ स्कूलों में बच्चों का मिठाई खिलाकर किया स्वागत ■ उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में जय मॉडर्न वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दुल्हेडा के कुल 60 विद्यार्थियों में से 36 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। छात्रा पायल ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में पहला, गीतांशु व वंश ने 94 प्रतिशत अंक हासिल करके संयुक्त रूप से दूसरा तथा कृति ने 92 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा अनुष्का, जतिन, कुणाल, रितिका, उमंग, भारती, ललित, दीपिका, रेनू, गिरिजा, मुस्कान, विवेक, विनीत, जैदित्य, कुमक्षित, रेनू, यस, दीपेश, गौरव, सत्यवान, खुशहाल, क्रिश, देव कुमार, नेहा आदि ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। स्कूल निदेशक शुगन कुमार शर्मा ने इस उपलबधि पर अभिभावकों व स्टॉफ सदस्यों को बधाई देते हुए उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित दसवीं के उत्तीर्ण विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### शक्ति विद्या मंदिर का परिणाम रहा शानदार

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के शक्ति विद्या मंदिर हाई स्कूल का 10वीं कक्षा का परिणाम शानदार रहा। स्कूल निदेशक प्रवीण कुमार शर्मा ने बताया कि प्रमोद ने 95 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम और कुणाल ने 93 फीसद अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। स्कूल के 6 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं, 8 बच्चों ने 80 फीसद और 9 बच्चों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।


बहादुरगढ़। प्रिंसिपल ऋषि कुमार के साथ टॉपर विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थियों के परिणाम पर शिक्षकों ने जताई खुशी

**बहादुरगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय आसौदा टोडरान के छात्र हिमांशु ने दसवीं कक्षा में 429 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शिक्षकों ने हिमांशु सहित बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रिंसिपल ऋषि कुमार ने बताया कि दसवीं कक्षा में विद्यालय का परिणाम बेहतरीन रहा। कुल 23 विद्यार्थियों ने विशिष्टता प्राप्त की। कक्षा बारहवीं कला संकाय के छात्र सागर ने 82, विज्ञान संकाय के आयुष, कला संकाय के कार्तिक ने 80 फीसद अंक प्राप्त किए। प्रिंसिपल ऋषि कुमार ने कहा कि बच्चों ने अच्छे अंक प्राप्त कर अपने अभिभावकों, शिक्षकों और स्कूल का नाम रोशन किया है।


बहादुरगढ़। टॉपर छात्राओं को पुरस्कृत करती प्रधानाचार्य प्रवीण व अन्य।

### महक, ममता और प्रियंका रही टॉपर

**बहादुरगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परिणाम में पीमए श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। प्रधानाचार्य प्रवीन दहिया ने बताया कि कुल 167 छात्राओं में से 166 ने परीक्षा उत्तीर्ण की। महक ने 90.40, ममता ने 88 तथा प्रियंका ने 85.40 प्रतिशि अंक प्राप्त किए हैं। स्कूल की 10 छात्राओं ने 80 फीसद से अधिक अंक लेकर मेरिट लिस्ट में स्थान बनाया है। वहीं 78 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। स्कूल का ओवरऑल परीक्षा परिणाम 99.40 फीसद रहा है। इस कारण सोमवार को स्कूल में उत्सव का माहौल नजर आया। छात्राओं ने इस परिणाम का श्रेय प्राचार्य के साथ कर्मठ स्टाफ को दिया है। मिठाई खिलाने के साथ ही छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया।

# मून लाइट स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत


झज्जर। उत्तीर्ण छात्राओं को मिठाई खिलाते हुए संचालक जगबीर सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

मून लाइट सीनियर सैकेंडरी स्कूल सिलाना में दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। स्कूल के प्राचार्य रतन शर्मा ने बताया कि संस्थान की छात्रा कनिष्का ने 482 अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। माही और सारिका 466 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे तथा यशिका 464 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। प्रीती, जन्नत व पूनम ने बेहतरीन अंकों के साथ परीक्षा पास की। विद्यालय के संचालक जगबीर सिंह और प्राचार्य रतन शर्मा ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों का मिठाई खिलाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### भविष्य में अथक मेहनत करने के लिए प्रेरित

**झज्जर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़ का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्राचार्या लाली कुमारी, स्कूल इंचार्ज राजबाला जाखड़ और इनफॉर्मेशन ऑफिसर रविंद्र कौशिक ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्कृत प्राध्यापिका सुमन ने बेहतरीन परीक्षा परिणाम को लेकर विद्यार्थियों को भविष्य में भी निरंतर मेहनत के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर प्राध्यापिका मोनिका, संदीप डीपीई, प्राध्यापक राकेश, मंदीप, अनिल क्लर्क सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# मेरिट में आए मान सिंह स्कूल के 40 विद्यार्थी

■ स्कूल में सफल परीक्षार्थियों का सम्मान किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

लाइनपार स्थित मान सिंह हाई स्कूल का कक्षा 10वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। स्कूल के 79 विद्यार्थियों में से 40 ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराया। जबकि 39 ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास की। सोमवार को स्कूल में सफल परीक्षार्थियों का सम्मान किया गया। स्कूल निदेशक राजेंद्र छिकारा व निर्मला देवी ने बताया कि छात्रा प्रियंका ने 97.4 प्रतिशत, पंकज मीणा ने 95.2, अश्वनी ने 94, अंशुल ने 92.4 प्रतिशत और अमित ने 91.6 प्रतिशत अंक हासिल किए। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। उन्होंने सभी सफल परीक्षार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छिकारा ने इसे विद्यार्थियों के अथक परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन व अभिभावकों के सहयोग का फल बताया। समारोह में प्राचार्य नरेंद्र कुमार, अशोक कुमार, नरेश कुमार, हरेंद्र सिंह, कांता देवी, मीना देवी, सुमन, शीला, पुष्पा देवी, पूनम कुमार, अंजली, रानी, रिंकल, मुन्नी देवी, पूजा, हर्षिता, दीपा, राकेश, रेनू, दर्शना आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। स्कूल स्टॉफ के साथ मान सिंह हाई स्कूल के टॉपर विद्यार्थी।


झज्जर। विजय चिन्ह बनाते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### दुर्गा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का परिणाम सराहनीय रहा

**झज्जर।** दुर्गा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महराना का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। 64 विद्यार्थियों में से 11 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 43 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। स्कूल प्रबंधक रामचंद्र शर्मा ने बताया कि छात्रा आरजू ने 472 अंक लेकर स्कूल में प्रथम, दीपिका ने 471 अंक लेकर द्वितीय और विक्रम ने 464 अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर उन्होंने स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### एसकेजी के 53 विद्यार्थियों ने हासिल किए 80% से अधिक अंक



**झज्जर।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा परिणामों में भाकली स्थित एसकेजी विद्यालय का रिजल्ट सहरानीय रहा। रवि यादव व हिमांशी यादव ने 488 अंक प्राप्त करके विद्यालय में संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया। दीपांशु ने 487 अकों के साथ दूसरा तथा भावना व दिव्या ने 486 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। समिति प्रधान राय सिंह, संचालक श्याम सिंह व प्राचार्य पवन कुमार ने बताया कि 21 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 53 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। उन्होंने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।


झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित होनहार विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

**झज्जर।** बीकेडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास के निदेशक जितेंद्र रोहिल्ला बताया कि उनके विद्यालय के 48 में से 39 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। छात्रा श्रुति ने 478 अंक हासिल कर विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। तमन्ना यादव ने 471 अंकों के साथ दूसरा व दीपिका ने 468 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों में लक्ष्य, आशा, रौनक, राशि, ममता, रीमा व नेहा शामिल है। इस उपलब्धि पर विद्यालय की चेयरपर्सन सविता रोहिल्ला व निदेशक जितेंद्र रोहिल्ला ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# फर्जी सरकारी भर्ती रैकेट का भंडाफोड़, सरगना समेत दो दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नई दिल्ली जिले की साइबर पुलिस ने एक फर्जी सरकारी भर्ती रैकेट का भंडाफोड़ किया है। यह रैकेट राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं मनोरंजन मिशन (एनआरडीआरएम) के नाम से चल रहा था और खुद को भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी) का हिस्सा बताता था। घोटाले के मास्टरमाइंड समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

डीसीपी देवेश कुमार महला ने बताया कि 22 मार्च को ग्रामीण विकास मंत्रालय ने भ्रामक भर्ती विज्ञापनों के प्रसार के संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। ये फर्जी विज्ञापन www.nrdrm.com और www.nrdrmvacany.com वेबसाइट पर दिखाई दिए और इनमें मंत्रियों और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों की तस्वीरें भी लगी थी। इस घोटाले में नौकरी चाहने वालों को लुभाया जाता था और फिर भर्ती के लिए पंजीकरण शुल्क की आड़ में भुगतान की मांग की जाती थी।



# सैनिक स्कूल में विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सीबीएसई द्वारा घोषित परिणाम के आधार पर सैनिक पब्लिक स्कूल के 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य बीएल भारद्वाज ने दसवीं कक्षा में प्रथम आने वाले विद्यार्थी रजनीश को कक्षा 12वीं तक की शिक्षा मुफ्त करने, द्वितीय आने वाले विद्यार्थी देव को 50 प्रतिशत व तृतीय रहे बॉबी को 25 फीसद छूट देने का ऐलान किया।

बक्करवाला की दीपांशी को प्रथम, कसार निवासी रिया को द्वितीय तथा धर्म विहार निवासी राशि को तृतीय आने पर उनके माता-पिता के साथ सम्मानित किया गया। भविष्य में भी ऐसे ही अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्रिंसिपल बीएल भारद्वाज ने सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को फूलमाला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर बधाई दी। उनके अनुसार विद्यालय का लगातार 41 साल से चला आ रहा शत-प्रतिशत रिजल्ट का रिकॉर्ड बरकरार रहा।


बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्रिंसिपल बीएल भारद्वाज। फोटो :हरिभूमि

# अवैध हथियार रखने वालों पर शिकंजा, सात को धर दबोचा

■ जिला पुलिस ने अवैध हथियार रखने वालों की धरपकड़ के लिए एक विशेष अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा के नेतृत्व में जिला पुलिस ने अवैध हथियार रखने वालों की धरपकड़ के लिए एक विशेष अभियान चलाया हुआ है, जिसमें पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर रेड करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गांव जलियावास निवासी विनय, गांव पातुहेड़ा निवासी सतीश, खड्डा बस्ती मोहल्ला कुतुबपुर निवासी समीर खान, मोहल्ला संघी का बास निवासी राजकुमार उर्फ झोटा, गांव गोकलगढ़ निवासी राहुल, गांव मगंलेश्वर गुजरा की ढाणी निवासी देवेन्द्र उर्फ गुल्ला व मोहल्ला कुतुबपुर निवासी रितिक उर्फ रामपट्ट के रूप में हुई है। थाना कसोला पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में गांव जलियावास निवासी विनय व गांव पातुहेडा निवासी सतीश को गिरफ्तार किया है। गत 18 मई को पुलिस को सूचना मिली थी कि विनय के पास अवैध हथियार है तथा गांव की तरफ वाईकेके कंपनी के पास गली में खड़ा है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी को 1 अवैध देशी पिस्टल के साथ काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपी विनय ने बताया कि उसे यह अवैध हथियार गांव पातुहेडा निवासी सतीश ने उपलब्ध कराया था। पुलिस ने सतीश को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरी घटना में गोकल गेट चौकी पुलिस ने अवैध देशी कट्टे के साथ खड्डा बस्ती मोहल्ला कुतुबपुर निवासी समीर खान को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि समीर खान टीपी स्कीम कॉलोनी के पास बाईपास रोड़ पर किसी के इंतजार में खड़ा हुआ है। पुलिस ने मौके से आरोपी को 1 अवैध देशी कट्टे के साथ काबू कर लिया। तीसरी घटना में सीआईए रेवाड़ी इंचार्ज निरीक्षक सुमेर सिंह की टीम ने अवैध देशी पिस्टल व तीन जिंदा रोंद के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मौहल्ला संघी का बास निवासी राजकुमार उर्फ झोटा व गांव गोकलगढ़ निवासी राहुल के रूप में


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी विनय व सतीश व पुलिस गिरफ्त में आरोपी समीर खान व पुलिस गिरफ्त में आरोपी देवेन्द्र उर्फ गुल्ला।


झज्जर। शिक्षकों के साथ मंच पर उपस्थित दसवीं कक्षा के उत्तीर्ण विद्यार्थी।

### एमडी स्कूल में 27 विद्यार्थियों ने बनाया मेरिट में स्थान

**झज्जर।** महर्षि दयानंद विद्यालय खुड्डन की 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में विद्यालय के छात्र रुपिन ने 487 अंक प्राप्त कर प्रविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। खुशी 485 अंक प्राप्त करके द्वितीय और निकिता 484 अंक लेकर तृतीय रही। 44 विद्यार्थियों में से 27 विद्यार्थी बोर्ड मेरिट में रहे जबकि 17 छात्रों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्राचार्य रामनिवास गहलावत ने बताया कि दस विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंकों के साथ परीक्षा पास की। उन्होंने बताया कि छात्रा निकिता, तन्नु, अन्नु, जैश्मिन और खुशी ने गणित विषय में शत-प्रतिशत हासिल किए। इस उपलब्धि पर अकादमिक इंचार्ज डॉक्टर राजबीर सहवाग, विद्यालय प्रबंधक समिति सदस्य रमेश डिरोलिया व सुरेन्द्र कोडान ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## खबर संक्षेप



### मोबाइल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**झज्जर।** जिले को टीबी मुक्त बनाना हमारा लक्ष्य है। यह संदेश सोमवार को टीबी जांच मोबाइल यूनिट को हरी झंडी दिखाते हुए सीएमओ डॉक्टर जयमाला ने कही। उन्होंने कहा कि ये बीमारी कभी भी किसी को भी हो सकती है। इससे बचने के लिए स्वयं प्रयास करने होंगे। उन्होंने आमजन से आह्वान किया वे इस टीबी मुक्त अभियान में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें।

### धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

**बहादुरगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अंतर्गत विवेकानंद नगर में विजय प्रभात, बजरंग, प्रताप, सुखदेव, चाणक्य और महर्षि मुदगिल शाखा का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने शारीरिक और बौद्धिक प्रदर्शन किए। पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों ने शारीरिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए दंड प्रयोग, नियुद्ध, समता और सूर्य नमस्कार आदि के शानदार प्रदर्शन किए। राष्ट्रभक्ति के गीतों और प्रेरक वक्तव्यों से माहौल उत्साहपूर्ण रहा। विजय प्रभात शाखा पर मुख्य अतिथि के रूप में हरमिलाप सभा के प्रधान हरीश बजाज उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता और जिला सेवा प्रमुख नवीन कुमार ने संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर संबोधन दिया।

## भाजपा ने शहर में निकाली तिरंगा यात्रा

# ऑपरेशन सिंदूर : सेनाओं के सम्मान में लोग नतमस्तक

**संजय सैनी ने कहा कि भारतीय सेना के पराक्रम और ऑपरेशन सिंदूर पर देश की जनता ने अपनी मुहर लगाई**



बहादुरगढ़। संजय सैनी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकालते भाजपाई। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्राएं निकाल रही भाजपा अब मंडल स्तर तक यात्रा निकाल रही है। इसी कड़ी में भाजपा के बहादुरगढ़ मंडल ने अध्यक्ष संजय सैनी की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली। इसमें भाजपाइयों के साथ भूतपूर्व सैनिकों व देश प्रेमियों ने हिस्सा लिया।

तिरंगा यात्रा कबाड़ी मार्केट से शुरू हुई, मेन बाजार, लाल चौक, रोहतक रोड व झज्जर रोड से होते हुए सब्जी मंडी पर संपन्न हुई। मंडल अध्यक्ष संजय सैनी ने कहा कि भारतीय सेना के पराक्रम और ऑपरेशन सिंदूर पर देश की जनता ने अपनी मोहर लगाई है। तिरंगा यात्रा में सभी का उत्साह देखने लायक था। सभी अपने सैनिकों के सम्मान में नारे लगाते हुए चल रहे थे। इन यात्राओं के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेना का उत्साहवर्धन किया जा रहा है। यात्रा में भाजपा नेता दिनेश कौशिक, जिला सुशासन विभाग प्रमुख रामकंवार सैनी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि रमेश राठी, वरिष्ठ नेता शतीश नंबरदार, यशपाल उर्फ आशु, रमेश आर्य, संजीत राठी, रमेश, संदीप, प्रमिला, सूरज, पंकज, दीपक सैनी, विजय, नरेश रोहिल्ला, विनय, देव, इंदु, प्रकाश, रविंद्र राठी, सुरेश राठी, रामनिवास व जयपाल आदि मौजूद रहे।

### चुन-चुन के मारे आतंकी

**झज्जर।** भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत अपने अद्भुत सामर्थ्य से पहलगाम के दोषियों को आतंकियों को चुन चुन कर मारा। चीन और तुर्की से उधार के ड्रोन लेकर हिमायत में आई पाक सेना को हवा में ही उड़ा दिया। भाजपा राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने तिरंगा यात्रा में शहीदों को नमन करने उपरांत यह बात कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के साहसिक फैसले और सेना के सामर्थ्य से पूरा देश खुश है। सारा देश सैनिकों के सम्मान में तिरंगा लिए मैदान में है। यात्रा के दौरान युद्ध वीरांगनाओं और युद्ध नायकों का सम्मान किया गया। तिरंगा यात्रा बाबा साहेब अंबेडकर चौक से शुरू हुई और शहीद भगत सिंह चौक पर संपन्न हुई। यात्रा में पूर्व सैनिक, पार्टी कार्यकर्ता, विभिन्न सामाजिक संगठन,युवा,महिलाओं सहित पूरे जोश और उत्साह के साथ काफी संख्या में लोगों ने भागीदारी की। इस दौरान जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, राजकुमार कटारिया, संजय कबलाना, रामफल सैनी, आनंद सागर, मनीष बंसल, सोमवती जाखड़, अनिल शर्मा, पूर्व पार्षद माया यादव सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## नशे के विरुद्ध पोस्टर बनाकर दिया संदेश




**बहादुरगढ़।** शहर के बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई। इसमें कक्षा छठी से लेकर आठवीं तक के बच्चों ने नशा के विरुद्ध पोस्टर बनाकर आमजन को नशा नहीं करने का संदेश दिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आठवीं की महिमा व सृष्टि पहले स्थान पर, सोनम तथा छठी की अवनी दूसरे स्थान पर रही। छठी का प्रथम और सातवीं की समृद्धि तीसरे स्थान पर रही। सभी विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आठवीं की खुशबू, सातवीं की कन्या, रितिका तथा श्रेया मिश्रा को सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। प्रधानाचार्या डॉ पूनम चौधरी ने बच्चों को नशा के दुष्प्रभाव से अवगत कराते हुए कहा कि सभी प्रकार का नशा एक धीमे जहर की तरह व्यक्ति को धीरे-धीरे मौत के मुंह की ओर धकेलता है।

## ग्रामीण सफाई कर्मचारी की मौत, पीड़ित परिवार के साथ डीसी से मिले यूनियन के पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर



झज्जर। डीसी कार्यालय परिसर में शिकायत पत्र दिखाते हुए पीड़ित परिवार व यूनियन सदस्य। फोटो : हरिभूमि

ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों द्वारा ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के साथ शोभनीय व्यवहार नहीं किया जा रहा। उन्हें प्रताड़ित व शोषित किया जा रहा है। इस शिकायत को लेकर भारतीय दलित पिछड़ा युवा वर्ग प्रदेशाध्यक्ष विक्रम सिंह, हरियाणा सफाई कर्मचारी कल्याण वेलफेयर विंग भाजपा संघ के प्रदेशाध्यक्ष देव कुमार, बेरी इकाई के सफाई कर्मचारी मंजीत व साल्हावास इकाई के शीशपाल डीसी से मिलने पहुंचे। उन्होंने जिले के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को प्रताड़ित किए जाने के संबंध में पत्र भी सौंपा जिसमें हटाए जाने के बाद मानसिक रूप से परेशान एक सफाई कर्मचारी मौत का भी हवाला दिया गया था। डीसी को सौंपे गए शिकायत पत्र में अंबोली गांव निवाषी संतोष ने बताया उसका पति रामनिवास पिछले करीब 17-18 वर्षों से ग्रामीण सफाईकर्मी के तौर पर काम कर रहा था। लेकिन वर्तमान सरंपच द्वारा उसे सफाई कर्मचारी के पद से हटा दिया। संतोष के अनुसार इसके बाद उसके पति मानसिक रूप से परेशान रहने लगे तथा उन्होंने कई जगहों पर अपनी शिकायत करते हुए नौकरी दिए जाने की गुहार लगाई लेकिन उसकी शिकायत को अनसुना कर दिया गया।

## विद्यार्थियों ने उठाया वाटर पार्क का आनंद



**झज्जर।** इंडो अमेरिकन स्कूल ने विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत किंगलैंड वाटर पार्क का भ्रमण कराया गया। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने बताया कि सुबह स्कूल परिसर से बसों के माध्यम से रवाना हुए। जैसे ही वे वाटर पार्क पहुंचे, उत्साह और उमंग का माहौल बन गया। नन्हें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की वॉटर स्लाइड्स, वेव पूल और रेन डांस का भरपूर आनंद उठाया। निदेशक बिजेंद्र कादियान ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। जब विद्यार्थी खेल, रचनात्मकता और सामूहिक गतिविधियों में भाग लेते हैं, तभी उनका सर्वांगीण विकास संभव होता है। यह यात्रा विद्यार्थियों के लिए एक यादगार अनुभव रहा।

## मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता प्रदान करने की दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर



झज्जर। मुख्यमंत्री राहत कोष के आवेदनों पर बैठक में चरचा करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

गंभीर बीमारियों से जूझ रहे जरूरतमंद मरीजों के इलाज में आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से सोमवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित सभागार में मुख्यमंत्री राहत कोष से संबंधित मामलों पर निर्णय लेने के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित 25 गंभीर बीमारियों की सूची के आधार पर जिला झज्जर में प्राप्त हुए कुल 17 आवेदनों पर विचार किया गया। इनमें से 9 मामलों को मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता प्रदान करने के लिए मंजूरी दी गई, जबकि अन्य मामलों में दस्तावेजों की पूर्ति या चिकित्सा सत्यापन के उपरांत निर्णय लिया जाएगा। बैठक में जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीसी ने सुनीं समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं



**झज्जर।** सोमवार को लघुसचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में डीसी स्वप्निल पाटिल ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनके समाधान के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। शिविर में कुल 9 शिकायतें दर्ज हुई जो ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, बिजली निगम, सिंचाई व शहरी विकास विभागों से संबंधित रही। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर न केवल शिकायत निवारण का माध्यम हैं, बल्कि प्रशासन और आमजन के बीच संवाद और विश्वास को मजबूत करने का भी मंच बन चुके हैं।

## निलोठी की 5 छात्राएं मेरिट लिस्ट में आई, सम्मानित




**बहादुरगढ़।** गांव निलोठी के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का कक्षा दसवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की 5 छात्राओं ने मेरिट लिस्ट में स्थान पाया। स्कूल की छात्रा तुलसी ने 90.6 प्रतिशत, यशस्वी ने 86, तन्नु ने 82.6, सलौनी ने 80.4 और यशस्वी ने 77.8 फीसद अंक अर्जित किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय सिंह खत्री ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए सभी स्टाफ सदस्यों का धन्यवाद किया।

## बेहतर परिणाम पर खुशी जताई

**बहादुरगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में श्री राम आदर्श पब्लिक स्कूल रोहद के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल के छह विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर अपने अभिभावकों तथा स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल निदेशक जसबीर सिंह आर्य और मुख्याध्यापक जितेंद्र व समस्त अध्यापकगणों ने बेहतर परिणाम की खुशी पर बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अच्छा परिणाम आने पर मिठाई बांटी

- राजकीय उच्च विद्यालय जाखोदा का परिणाम रहा शानदार

**बहादुरगढ़।** राजकीय उच्च विद्यालय जाखोदा के विद्यार्थियों ने दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में बेहतरीन प्रदर्शन किया। एक छात्रा ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया तथा 14 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। लक्ष्या ने 401 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं 389 अंकों के साथ शिवानी कुमारी द्वितीय व 384 अंकों के साथ सलोनी तीसरे स्थान पर रही। बेहतर परिणाम आने पर स्कूल स्टाफ व विद्यार्थी खुश हैं। स्कूल में मिठाई बांटकर इस खुशी का इजहार किया गया। स्कूल प्रभारी कौशल्या ने बच्चों को बधाई दी तथा शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। बच्चों ने भी अपने गुरुजनों से आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि वे आगे और मेहनत करेंगे तथा आगामी परीक्षाएं में बेहतर अंक प्राप्त करेंगे।

## ईंट-भट्ठों पर काम करने वाले मजदूरों का रिकार्ड रखना जरूरी : डॉ. राजश्री सिंह

- पुलिस आयुक्त ने भट्ठा एसो. के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह। फोटो : हरिभूमि

जिले के ईंट-भट्ठों पर बांग्लादेशियों के मिलने पर जिला पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह द्वारा सोमवार को भट्ठा एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान जिला पुलिस आयुक्त ने भट्ठा एसोसिएशन के पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भट्ठों पर काम करने वाले प्रत्येक मजदूर का रिकॉर्ड रखना जरूरी है।

ऐसा न करने वाले भट्ठा मालिकों के खिलाफ कानूनी कार्यवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा जिले में सर्च अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत अब तक करीब 174 को बांग्लादेशियों पकड़ा गया है। जिनकी वेरिफिकेशन की जा रही है। उन्होंने कहा कि घरों, फैक्ट्रियों व कारखानों में काम करने व वाले मजदूरों और नौकरों का रिकॉर्ड भी अपडेट रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाल श्रम व बंधुआ मजदूरी न केवल कानूनी अपराध है बल्कि यह मानव अधिकारों की उल्लंघना भी है। 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से मजदूरी करवाना लेबर एक्ट के तहत दंडनीय अपराध है।

### जनता से अपील

उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अपने आसपास काम करने वाले और किराए के मकान में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पुलिस वेरिफिकेशन जरूर करवा लें। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसे मामले भी सामने आते हैं जिसमें अपराधी प्रवृत्ति के लोग अपराध करने के बाद दूसरे स्थान पर जाकर छुप जाते हैं जिनको पकड़ने में पुलिस को भी काफी मेहनत करनी पड़ती है। इसलिए आपके आस पास कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है तो आप उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे। इस दौरान भट्ठा एसोसिएशन के प्रधान सुरेंद्र जौंधी, पूर्व प्रधान सतपाल देशवाल, प्रवीण कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## सीआरपी स्किल पासबुक रिपोर्ट के लिए लिंक को करें अपडेट



झज्जर। बैठक के दौरान उपस्थित शिक्षक एवं अधिकारी।

**झज्जर।** सोमवार को खंड परियोजना कार्यान्वयन इकाई की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान झज्जर खंड शिक्षा अधिकारी रुपिंदर नांदल और बीईओ बेरी रमेश चौहान ने बैठक की अध्यक्षता की। जिला समन्वयक निपुण हरियाणा डॉक्टर सुदर्शन पूनिया निपुण कार्यक्रम पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश तक सभी हितधारकों को कक्षा तत्परता कार्यक्रम और विशेष रूप से स्किल पासबुक में उल्लेखित दक्षताओं पर ध्यान देना होगा। सभी प्राथमिक शिक्षकों को चाहिए कि वे विभाग द्वारा प्रदान की गई स्किल पासबुक में उल्लेखित गतिविधियों के माध्यम से दक्षताओं को पढ़ाने और सीआरपी स्किल पासबुक रिपोर्ट के लिए लिंक को अपडेट करें। चरण 1 से चरण 2 तक सीखने के स्तर में हुई प्रगति की अब तुलना की जाएगी, और कम प्रदर्शन करने वाले स्कूलों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही, कमत्तर प्रदर्शन के कारणों का पता लगाया जाएगा। सक्षम कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर जितेंद्र देशवाल ने सक्षम कार्यक्रम के लिए शुरू की जा रही नई अवधारणा को प्रस्तुत किया। बैठक में निपुण और सक्षम कार्यक्रमों पर भी मंथन हुआ।

## डोर-टू-डोर कूड़ा उठान नहीं होने पर पार्षद प्रीति भूपेंद्र राठी ने सफाई व्यवस्था में घोटाले का लगाया आरोप

# गंदगी की बजाय केवल खजाने की हो रही सफाई, डोर टू-डोर कूड़ा उठान और सफाई व्यवस्था का बुरा हाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। वार्ड नंबर-15 में उठान के अभाव में पड़ी गंदगी।

शहर के वार्ड नंबर-15 समेत कई हिस्सों में डोर-टू-डोर कूड़ा उठान के लिए लगाए गए साधन नियमित रूप से नहीं पहुंच रहे हैं। पार्षद प्रीति भूपेंद्र राठी के अनुसार शहर की सफाई की बजाय नगर परिषद के खजाने की सफाई हो रही है। लोग कई-कई दिनों तक कूडा उठाने वाले वाहनों का इंतजार कर रहे हैं और इसे लेकर लोगों में नगर परिषद के खिलाफ रोष बना हुआ है। बता दें कि नगर परिषद हर महीने शहर की सफाई के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। लेकिन धरातल पर डोर-टू-डोर कूड़ा उठान व सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। पार्षद प्रीति भूपेंद्र राठी के अनुसार शहर में फैली गंदगी साबित करती है कि सफाई के नाम पर भारी घोटाला किया जा रहा है। जिसकी उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच की जाए तो सच्चाई सामने आएगी। उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा दिए गए टैंडर के तहत रोजाना डोर-टू-डोर घरों से कूड़ा उठान का प्रावधान है। इसके लिए नागरिकों से यूजर टैक्स भी वसूला जाता है। लेकिन डोर-टू-डोर कलेक्शन के लिए निर्धारित वाहन नियमित रूप से नहीं आ रहे हैं। जिस कारण लोगों में भारी रोष बना हुआ है।

### कूड़ा घरों में ही जमा हो रहा

पार्षद प्रीति भूपेंद्र राठी ने बताया कि कूड़ा उठान वाले साधन ना तो रोजाना वार्ड में पहुंच रहे हैं। यदि कई दिनों में आते भी हैं, तो उनका कोई निर्धारित समय नहीं है। ऐसे में घरों से निकलने वाला कूड़ा घरों में ही जमा हो रहा है। जटवाड़ा मौहल्ला, कच्चा बाग, बाग वाला मोहल्ला, संजय कालोनी, विजय नगर, पालिका कालोनी, बसंत विहार व किला मोहल्ला आदि के निवासियों जयभगवान सैनी, भारत नागपाल, आकाश शर्मा, प्रमोद शर्मा, अमरनाथ, प्रतिमा, राजू, सविता, मूर्तिदेवी, राजेश, सतीश, हरीश खुराना, राकेश यादव के अनुसार उन्हें कूड़ा डालने के लिए कई-कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता है। कई बार नगर परिषद में शिकायत करने के बावजूद समाधान नहीं हो रहा।

## खबर संक्षेप

### बिजली के अघोषित कटों ने बढ़ाई परेशानी

**झज्जर।** गर्मी प्रतिदिन अपने रंग दिखा रही है। तापमान में निरंतर हो रही बढ़ोरती के बीच लग रहे बिजली के अघोषित कटों ने लोगों की परेशानियों को बढ़ा दिया है। रविवार देर रात शहर के सीताराम गेट क्षेत्र में लगे बिजली के अघोषित कटों ने लोगों को खूब परेशान किया। लोगों ने पूरी रात जाग कर बिताई। खास बात यह रही कि बिजली निगम कार्यालय में फोन करने पर या तो फोन उठाया नहीं गया और यदि गलती से फोन उठा भी लिया तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। लोगों का कहना है कि पूरी सर्दियों में बिजली निगम द्वारा तार बदलने, ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य किया गया।

### मारपीट के बाद पिस्तौल दिखाकर धमकी दी

**बहादुरगढ़।** गांव नूना माजरा में घर में घुसकर एक युवक से मारपीट करने और पिस्तौल तानकर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने अपने ही एक रिश्तेदार पर आरोप लगाया है। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वारदात रमेश के साथ हुई है। नूना माजरा के निवासी रमेश का कहना है कि करीब साल भर पहले मौसी की लड़की के पति के साथ मेरा झगड़ा हो गया था। तब रिश्तेदारी के चलते हमारा राजीनामा हो गया लेकिन आरोपी विजय हमसे रंजिश रखे हुए था। रविवार की शाम को जब मैं मकान के गेट पर आया तो बाहर खडे विजय ने मेरी गर्दन पकड ली। मैंने छुडवाने की कोशिश की तो वह मुझे धक्का मारते हुए मेरे घर में घुस गया और ईंट उठाकर मेरे सिर में दे मारी। फिर पिस्तौल दिखाने लगा। विजय के साथ एक अन्य लडका भी था। मैंने शोर मचाकर अपने घर वालों को आवाज लगाई तो वे दोनों मुझे जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

### योग महोत्सव की तैयारियां शुरू



**झज्जर।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने सोमवार को अधिकारियों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस जिले में योग महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में नागरिक, अधिकारी, छात्र, स्वयंसेवी और समाजसेवी संस्थाएं भाग लेंगी। उन्होंने कहा कि योग दिवस के आयोजन को जन-जन तक पहुंचाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक जन आंदोलन का रूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि इस बार योग दिवस के कार्यक्रम 26 मई से शुरू होंगे।

# कॉलेजों में स्नातक कक्षाओं के दाखिलों की प्रक्रिया शुरू, पोर्टल खुला

■ ऑनलाइन आवेदन करना होगा, रजिस्ट्रेशन फीस 100 रुपये ■ मेरिट से होंगे कॉलेजों में दाखिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

विभिन्न कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं के दाखिलों के लिए एडमिशन पोर्टल खुल गया है। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थी उच्चतर शिक्षा विभाग के एडमिशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन किए बिना दाखिला नहीं होगा। सभी विद्यार्थियों को आवेदन की रजिस्ट्रेशन फीस एक सौ रुपये देनी होगी। सभी दाखिले नई शिक्षा नीति के तहत होंगे।

■ कॉलेजों में दाखिले नए शिक्षा नीति के अनुसार होंगे

**ये दस्तावेज जरूरी :** उन्होंने बताया कि एडमिशन फॉर्म की ऑनलाइन जांच की जाएगी। यदि कोई कमी पाई जाती है तो विद्यार्थी को वह दूर करनी होगी। उस कमी को दूर करने के बाद ही एडमिशन फॉर्म मेरिट लिस्ट के लिए मान्य होगा। विद्यार्थी ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए अपने फोटो और सिग्नेचर की स्कैन कॉपी, मैट्रिक और बारहवीं कक्षा का सर्टिफिकेट, स्कूल से जारी मूल चरित्र प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र और आरक्षण का लाभ लेने के लिए उस कैटेगरी के जरूरी प्रमाण पत्र अपने साथ तैयार रखें। हरियाणा के सभी विद्यार्थियों के लिए परिवार पहचान पत्र अनिवार्य है। विद्यार्थी ध्यान से अपना ऑनलाइन आवेदन भरें। कॉलेज प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है।



### प्राइवेट कॉलेजों की फीस ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से जमा कर सकेंगे : डॉ: अमित भारद्वाज



राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि सरकारी कॉलेजों की एडमिशन फीस ऑनलाइन जमा होगी जबकि प्राइवेट कॉलेजों की फीस ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से जमा की जा सकती है। दाखिला शुरू में अस्थाई होगा और कॉलेज में सभी दस्तावेजों की जांच की जाएगी। कोई विसंगति मिलने पर कॉलेज विद्यार्थी के दाखिले को रद्द कर सकता है। स्नातक कक्षाओं के मल्टी डिसिप्लिनरी प्रोग्राम में जहां कई विषयों का चयन करना होता है, वहां विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों के पांच ग्रुप का चयन करना होगा।

### सीट छोड़ने का विकल्प

यदि किसी विद्यार्थी को पहली मेरिट लिस्ट में अपनी पहली पसंद का कॉलेज नहीं मिलता है तो वह सीट छोड़ सकता है और दूसरी मेरिट लिस्ट में उसके आवेदन पर विचार किया जा सकता है। सीट छोड़ने के लिए ऑनलाइन ऑप्शन भरना होगा।

### आरक्षण नीति का पालन

दाखिला मेरिट के आधार पर होगा और बारहवीं के बेस्ट फाइव सब्जेक्ट्स के अंक और निर्धारित वेटेज को जोड़कर मेरिट बनाई जाएगी। दाखिलों में सरकार की आरक्षण नीति का पूरी तरह पालन किया जाएगा। दाखिले के लिए दो मेरिट लिस्ट जारी की जाएंगी और उसके बाद खाली सीटों को भरने के लिए ओपन काउंसलिंग होगी।

# मांडोठी में कार अनियंत्रित होकर खंभे से टकराई , एक की मौत, तीन लोग घायल

■ बेटी की विदाई के बाद घर लौट रहा था परिवार, पुलिस ने शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव मांडोठी में सोमवार की सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक कार अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं व एक युवक घायल हो गए। बेटी की विदाई के बाद यह परिवार गांव लौट रहा था। इस हादसे के लिए एक बोलेरो पिकअप चालक को जिम्मेदार ठहराया गया है। आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू दी है। मृतक की पहचान करीब 65 वर्षीय कुलदीप के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रविवार को बहादुरगढ़ में स्थित एक मैरिज पैलेस में कुलदीप की भतीजी की शादी कार्यक्रम था। पूरा परिवार कार्यक्रम में आया हुआ था। सोमवार की अल सुबह बेटी की विदाई के बाद बहादुरगढ़ से परिवार के सदस्य गांव जा रहे थे। एक गाड़ी में कुलदीप, उनका भतीजा लोकेश व परिवार की दो महिलाएं सवार थी।

■ परिवार ने पिकअप चालक को हादसे को जिम्मेदार बताया

गाड़ी लोकेश चला रहा रहा। लोकेश के बयान के मुताबिक, जब मांडोठी के नजदीक पहुंचे तो एक बोलेरो पिकअप गाड़ी चालक ओवरटेक करने लगा। इस वजह से हमारी गाड़ी अनियंत्रित हुई और खेतों में उतरकर बिजली के खंभे से जा टकराई। कंडक्टर सीट पर बैठे कुलदीप को गंभीर चोट थी। जबकि लोकेश तथा पिछली सीट पर बैठी उर्मिला व दुलारी भी घायल हो गई।कुलदीप को नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां उनको मृत घोषित कर दिया गया। जबकि घायल शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए गए। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घायल लोकेश के बयान पर केस दर्ज कर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। पुलिस का कहना है कि सुबह मांडोठी में हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि तीन घायल हैं। आरोपी गाड़ी चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



**बहादुरगढ़।** दुर्घटना के दौरान खंभे से टकराई कार।

### ट्रक व कैंटर की टक्कर में युवक की मौत, दूसरा घायल

**बहादुरगढ़।** डाबोदा खुर्द के पास केएमपी फ्लाईओवर पर सोमवार की सुबह हादसा हो गया। यहां एक कैंटर की किसी वाहन के साथ टक्कर हो गई। हादसे में कैंटर चालक की मौत हो गई, जबकि हेल्पर गंभीर रूप से घायल है। इस संबंध में अज्ञात वाहन चालक पर सदर थाने में केस दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान करीब 21 वर्षीय मनीष के रूप में हुई है। अभिषेक यूपी के एटा जिले से था। पेशे से चालक था। उसके साथ उसकी बुआ का लड़का अभिषेक बतौर हेल्पर काम करता है। जानकारी के अनुसार, मनीष पूना से गाड़ी लेकर रोहतक के लिए चला था। सोमवार की सुबह यहां डाबोदा खुर्द के पास केएमपी के फ्लाईओवर पर हादसा हो गया। इनका कैंटर किसी गाड़ी से टकरा गया। हादसे में मनीष और अभिषेक को काफी चोट लगी। मनीष ने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर सदर थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरु की। शव को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में रखवा कर परिजनों को सूचना दी। यूपी से परिजन यहां आए और पुलिस को बयान दिए। मृतक मनीष के भाई अर्जुन ने आरोप लगाया है कि आगे चल रहे किसी ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इसी वजह से मनीष का कैंटर उससे टकराया और ये हादसा हो गया। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। वहीं, जांच अधिकारी जलबीर सिंह का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

■ डाबोदा खुर्द के पास केएमपी फ्लाईओवर पर हादसा

# नौकरी लगवाने का झांसा देकर धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ तीन युवकों पर आरोप, पैसे मांगने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी

सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी से लाखों रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। बहादुरगढ़ इलाके में लगते दो गांवों के तीन लोगों पर यह गंभीर आरोप लगा है। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिल्ली के निवासी सतेंद्र कुलदीप, राकेश, यूपी के निवासी शेखर तथा बहादुरगढ़ के रहने वाले प्रेम प्रकाश आदि युवकों की शिकायत पर यह कार्रवाई हुई है। पीड़ितों का कहना है कि नवीन व रोनी नाम के दो युवकों से वे अपने दोस्त सन्नी के जन्म दिन पर मिले थे।

तब उनसे दोस्ती हो गई। दोस्ती के कुछ दिनों के बाद उन्होंने हमें देवेंद्र नाम के व्यक्ति से मिलाया और बड़े नेताओं से जान पहचान का हवाला देकर हमें बताया कि वे सरकारी नौकरी लगवा सकते हैं। देवेंद्र ने अपना लैक्चरर का कार्ड दिखाते हुए कहा कि मुझे नवीन ने ही नौकरी लगवाया है। चूंकि हम बेरोजगार थे तो उनसे नौकरी लगने के लिए पूछताछ की। तब उन्होंने कहा कि नौकरी के लिए कागजात व कुछ रुपये देने पड़ेंगे। पैसे ऊपर तक पहुंचाए जाते हैं। इसके बाद उन्होंने हमारी कई ऐसे लोगों से मुलाकात कराई, जिन्होंने इस बात की तस्दीक की कि इन्होंने हमें भी नौकरी लगवाया है। जिससे हमारा विश्वास उन पर बढ़ गया। तीनों ने हमसे कहा कि अभी ग्रामीण डाक सेवा की पोस्ट निकली है। इसके लिए उन्होंने हमसे कागजात व सात लाख रुपये की डिमांड की। कहा कि शुरू में पांच लाख लेंगे और असल कागजात अपने पास रखेंगे। नौकरी के बाद दो लाख रुपये लेकर कागजात वापस कर देंगे। इस तरह से हमने प्रति व्यक्ति उनको पांच लाख रुपये दे दिए, फिर उन्होंने फार्म भरवाए।

फार्म भरने के करीब दो साल बाद तक रिजल्ट नहीं आया। जब हमने अपने स्तर पर जांच की तो पता चला कि जो फार्म भरवाए थे वे सरकार ने कैंसिल कर दिए हैं। इसके बाद हम नवीन व रोनी से मिलने गए लेकिन वे नहीं मिले। फिर हम देवेंद्र के कॉलेज गए। तब देवेंद्र ने बताया कि तुम्हारे दिए गए पैसों की तो डिग्री बनवा दी गई है, अब तुम्हे कोई पैसा वापस नहीं मिलेगा। हमने जब भी उनसे रुपये मांगते हैं तो वे अपनी ऊंची जान पहचान का डर दिखाकर मारने और झूठे केस में फंसवाने की धमकी देते हैं। वे हमसे ही 22 लाख रुपये की डिमांड कर रहे हैं। उधर, पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

## डीसी ने एनएचएआई को सड़कों पर अवैध कटों को बंद करवाने के दिए निर्देश

**झज्जर ।** सोमवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित सभागार में सड़क सुरक्षा की मासिक बैठक आयोजित की गई। जिसमें यातायात प्रबंधन, सड़क दुर्घटनाओं में कमी और जन-जागरूकता को लेकर विभिन्न विभागों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। डीसी ने कहा कि सड़क हादसों को रोकने के लिए एक तरफ जहां पुलिस व अन्य प्रवर्तन एजेंसियां कार्रवाई कर रही है वही दूसरी तरफ जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग पुलिस, आरटीए, एनएचएआई, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य विभाग मिलकर रोड सेफ्टी को समन्वयता के साथ कार्य करें। उन्होंने नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों को हाइवे पर अवैध कटों को तुरंत बंद करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध कट अक्सर सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। इसके अलावा वन विभाग को सड़कों के किनारे खड़े पेड़ों की ट्रिमिंग करने के निर्देश दिए।




## बहादुरगढ़ आईटीआई में कल लगेगा रोजगार मेला



गीता आर सिंह

**बहादुरगढ़।** आईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से बुधवार 21 मई को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहादुरगढ़ में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी और युवाओं का चयन करेंगी।संस्थान की प्राचार्य गीता आर सिंह ने बताया कि यह मेला उन युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है, जो प्री-प्लेसमेंट या आईटीआई प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके हैं और अच्छे रोजगार की तलाश में हैं। मेले में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने मूल प्रमाण पत्र, आईटीआई मार्कशीट, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो और बायोडाटा के साथ 21 मई को सुबह 10 बजे परिसर में पहुंचना होगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में आईटीआई से पास हो चुके छात्र भी इस रोजगार मेले में भाग लेकर अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### एनहासमेंट की कैलकुलेशन को लेकर रेजिडेंट्स ने हाईकोर्ट में दायर की थी अवमानना याचिका

### हाईकोर्ट ने रेजिडेंट्स की सुनवाई के बाद जरूरी होने पर फ्रेश डिमांड देने का दिया आदेश

# हाईकोर्ट के सात साल पुराने आदेश की पालना करे हशविप्रा

रवींद्र राठी ▶▶ बहादुरगढ़

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने सेक्टर-9 और 9-ए के अधिग्रहण के बाद रेजिडेंट्स से हजारों वर्ग मीटर जमीन की लागत वसूलने के बाद जमीन का बड़ा हिस्सा दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को दे दी। बावजूद इसके पूरा एनहांसमेंट रेजिडेंट्स पर डाल दिया। इसके विरुद्ध उन्होंने अदालत की शरण ली। लेकिन बावजूद इसके प्राधिकरण की डिमांड बरकरार थी। कुछ रेजिडेंट्स ने हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की तो उच्च न्यायालय ने जरूरत पड़ने पर फ्रेश डिमांड जारी करने के आदेश दिए हैं। बता दें कि हशविप्रा द्वारा एडीजे और हाईकोर्ट के आदेशों के आधार पर एनहांसमेंट डिमांड की गई तो सेक्टर-9 और 9-ए निवासियों ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। इस पर हाईकोर्ट ने 12 जुलाई 2018 को रेजिडेंट्स के पक्ष में आदेश दिया था। एचएसवीपी इसके विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट चली गई। लंबे अरसे बाद यह याचिका विड्रा कर ली गई। लेकिन फिर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आधार पर एनहासमेंट आ गई। परेशान होकर खेमचंद लोहचब, राजेश खत्री, राज सिंह सहरावत आदि रेजिडेंट्स ने 3 फरवरी को हाईकोर्ट में कंटेप्ट ऑफ कोर्ट पेटिशन दायर की थी।

■ हशविप्रा के चीफ अकाउंट अफसर और एस्टेट अफसर की एक तिहाई सेलरी अटैच कर दी

रेजिडेंट्स के तर्क सुनने के बाद हाईकोर्ट के जज हरकेश मनुजा ने 8 मई को ऑर्डर जारी किया है। आदेश में साफ कहा गया है कि चीफ एडमिनिस्ट्रेटर रेजिडेंट्स की सुनवाई करके स्पीकिंग ऑर्डर जारी करे। वर्तमान डिमांड नोटिस की जगह तथ्यों का संज्ञान लेते हुए अगर एनहासमेंट बनती हो तो फ्रेश डिमांड करे। ऑर्डर के अनुसार हशविप्रा के चीफ अकाउंट अफसर और एस्टेट अफसर की एक तिहाई सेलरी अटैच कर दी गई है। इस आदेश के बाद हशविप्रा के मुख्य प्रशासक ने 13 मई को रेजिडेंट्स का पक्ष सुना। रविवार को हुई बैठक में याचिकाकर्ताओं ने सभी रेजिडेंट्स को अब तक की गई समूची कार्यवाही की पूरी जानकारी दी। दरअसल, हशविप्रा द्वारा प्रति एकड़ जमीन खरीदने से लेकर विकसित करने तक पर प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष मिलाकर 38 लाख 3 हजार 997 रुपए रुपए की लागत आई थी। प्राधिकरण द्वारा 436.23 एकड़ एरिया पर प्लॉनिंग की गई। इसमें 33.25 एकड़ भू-भाग कमर्शियल तय हुई। कुल 402.98 एकड़ में से 43.68 प्रतिशत अर्थात 176.01 एकड़ जमीन बिक्री हुई। इस तरह औसत एक एकड़ से 2114 वर्ग गज भूमि पर प्लॉटिंग हुई। इस तरह प्रति गज करीब 1800 रुपए प्रति वर्ग गज का खर्च आया। ईडब्ल्यूएस के नुकसान व विकास शुल्क को जोड़ने के बाद 1927 रुपए प्रति गज की लागत आई।



**बहादुरगढ़।** एनहांसमेंट के मामले में रेजिडेंट्स को जानकारी देते खेमचंद लोहचब।

### रेजिडेंट्स ने नॉन सेलेबल लैंड का किया था भुगतान

खेमचंद लोहचब और राज सिंह सहरावत ने बताया कि रेजिडेंट्स ने नॉन सेलेबल लैंड अर्थात सड़क, पार्क, ग्रीन बेल्ट आदि जमीन की कीमत का भुगतान भी प्राधिकरण को किया था। लेकिन प्राधिकरण ने वर्ष 2013 में इस जमीन में से 30 एकड़ भूमि डीएमआरसीएल को मेट्रो यार्ड के लिए दे दी। साथ ही करीब 29 एकड़ जमीन एनएचएआई को हाईवे (बाईपास) बनाने के लिए दे दी। अब अधिग्रहण राशि को लेकर जमींदारों द्वारा सेशन कोर्ट, हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट में किए मुकदमों की सुनवाई के दौरान अदालतों द्वारा बढ़ाई गई मुआवजा राशि भी रेजिडेंट्स से एनहांसमेंट के रूप में वसूली जा रही है। लोहबच और सहरावत का कहना है कि प्राधिकरण डीएमआरसी और एनएचएआई को दी जमीन की कीमत ब्याज समेत प्लॉटधारकों को लौटाए या फिर इस राशि को एनहांसमेंट के मद में एडजस्ट करे।

### लुहारी में पत्रकार की गोली मारकर हत्या

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव लुहारी में एक पत्रकार को गोली मारकर हत्या करने की वारदात को अंजाम दिया गया। यह घटना उस दौरान हुई जब लुहारी निवासी पत्रकार धर्मेंद्र रविवार सांय करीब सात बजे खाना खाने के बाद घर से टहलने निकला था। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के पुत्र आशीष चौहान ने बताया कि वह उसका पिता धर्मेंद्र रोजाना की तरह खाना खाकर घर से टहलने के लिए निकला था। इसके बाद एक ग्रामवासी ने उसे सूचना दी कि उसका पिता धर्मेंद्र चोटिल अवस्था में सड़क पर पड़ा है। आशीष चौहान के अनुसार जब वह घटनास्थल पर पहुंचा तो उसके पिता के सिर से खून बह रहा था और वे दर्द से तड़प रहे थे। इसके बाद वे एंबुलेंस के माध्यम से उन्हें उपचार के लिए मानेसर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस को दी शिकायत में करीब आठ लोग नामजद किए गए है।एसीपी अनिरूद्ध चौहान ने बताया कि मृतक के बेटे की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सीआईए सहित कई टीमों का गठन किया गया है। संदिग्धों से पूछताछ भी की जा रही है। प्रयास यहीं है कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी।